# प्रेस नोट
# थाना कोतवाली,झाँसी

**दिनाँक 30.11.2025**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधिंयो के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 08 मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 30.11.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. जितेन्द्र अहिरवार पुत्र श्रीराम अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कोछाभवर थाना नवाबाद जनपद झाँसी 2. अभिषेक बाल्मीकि पुत्र मनोज वाल्मिकी उम्र 20 वर्ष निवासी सागर गेट पानी की टंकी के पास थाना कोतवाली जनपद झाँसी को समय करीब 02.15 बजे नारायण बाग से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशादेही पर अन्य चोरी के दो-पहिया वाहनों की बरामदगी की गयी।

बरामद वाहन न0 - UP93AJ2707 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 373/25 धारा 303(2) बीएनएस, मो0सा0 UP93AZ9960 के सम्बन्ध मे मु0अ0स0 374/25 धारा 303(2) बीएनएस तथा बरामद मो0 न0 UP93AL 5685 के सम्बन्ध मे मु0अ0स0- 375/25 धारा 303(2)बीएनएस के तहत थाना कोतवाली में अभियोग पंजीकृत हैं। अन्य मोटरसाईकिलो की बरामदगी के सम्बन्ध मे पूछा गया तो बताया कि हमने अलग अलग स्थानों व तारीखों में चोरी की है, चोरी करने की तारीख व स्थान याद नही है। बरामदगी के सम्बन्ध में उक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ विवरण -

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग आस पास के स्थानों से मोटरसाईकिल चोरी करके बेचने का काम करते है। चोरी की गयी मोटरसाईकिलों को सपना गार्डन वाली गली में धोबी घाट के पास झाडियो में छिपा कर रख देते थे तथा मौका पाकर हम लोग इन मोटरसाईकिलो को बेच देते हैं और जो रुपया मिलता है उसे अपनी जरुरतों पर पर खर्च करते हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

1 - जितेन्द्र अहिरवार पुत्र श्रीराम अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कोछा भवर थाना नवाबाद, जनपद झाँसी
2 - अभिषेक बाल्मिकी पुत्र मनोज वाल्मिकी उम्र 20 वर्ष निवासी सागर गेट पानी की टंकी के पास थाना कोतवाली, जनपद झाँसी

**बरामदगी का विवरण –**

1- 08 अदद चोरी की मोटरसाइकिल

2- एक अदद चोरी की स्कूटी

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास –**

**1 जितेन्द्र अहिरवार पुत्र श्रीराम अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कोछा भवर थाना नवाबाद जनपद झाँसी**

1. मु0अ0स0 373/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस,थाना कोतवाली , झांसी।
2. मु0अ0स0 374/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी
3. मु0अ0स0 375/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी
4. मु0अ0स0 376/25 धारा 35/106/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी।

**2 अभिषेक बाल्मिकी पुत्र मनोज वाल्मिकी उम्र 20 वर्ष निवासी सागर गेट पानी की टंकी के पास थाना कोतवाली जनपद झाँसी**

1. मु0अ0स0 373/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस,थाना कोतवाली , झांसी।
2. मु0अ0स0 374/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी
3. मु0अ0स0 375/2025 धारा 33(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी
4. मु0अ0स0 376/25 धारा 35/106/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली झांसी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मय पुलिस टीम